**महत्वपूर्ण**
**संख्या-01 /2022/21/उन्नीस-2-2022-1139/86**

प्रेषक,

**दुर्गा शंकर मिश्र,**
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

**समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

सूचना अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 17 जनवरी,2022

**विषयः- गणतंत्र दिवस समारोह, 26 जनवरी, 2022 को गरिमापूर्ण ढंग से मनाये जाने के संबंध में।**

महोदय,

गणतंत्र दिवस समारोह को यथोचित गरिमापूर्ण ढंग से मनाये जाने के सम्बंध में शासन के निम्नलिखित निर्देश आपको सम्प्रेषित करने का निदेश हुआ हैः-

1. कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए कोरोना वायरस से बचाव हेतु भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी, 2022 गणतंत्र दिवस समारोह पूरे प्रदेश में सुव्यवस्थित एवं सादगी के साथ मनाया जाये।
2. समारोह की व्यवस्था में परामर्श देने के लिए एक कमेटी गठित कर ली जाय, जिसमें सभी सरकारी विभागों, शैक्षिक संस्थाओं, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय आदि के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये। कार्यक्रम स्थानीय सहूलियत और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर वनाया जाये। आपकी सुविधा के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा नीचे दी जा रही हैः-

{1} प्रातःकाल 08:30 बजे सरकारी भवनों पर झण्डा अभिवादन हो और इस अवसर पर संविधान में उल्लिखित संकल्प के स्मरण तथा राष्ट्रगान के गायन की व्यवस्था की जाये।

{2} शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रध्वज प्रातः 10:00 बजे फहराया जाये।

{3} इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म-निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को मज़बूत बनाने पर बल दिया जाये।

{4} समस्त शिक्षण संस्थाओं में कोविड-19 के बचाव हेतु जारी निर्देशों का अनुपालन करते हुए इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए, जिनमें राष्ट्रगान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन भी सम्मिलित हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास वताया जाये और सशस्त्र

सैन्यबलों के बलिदान को नमन करते हुए देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंग दोहराये जायें, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। नाटक, विचार-गोष्ठी तथा निबन्ध-लेखन की प्रतियोगितायें भी यथासम्भव आयोजित करायी जायें। इस सम्बन्ध में शिक्षा निदेशक यथोचित आदेश अलग से जारी करेंगे।

3. झण्डारोहण कार्यक्रम के तुरन्त बाद पुलिस परेड की जाये। परेड की सलामी मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी लेंगे। परेड में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सैन्य बल कर्मियों की विधवाओं/अभिभावकों को भी ससम्मान आमंत्रित किया जाये।
4. दिन में शिक्षण संस्थाओं में खेलकूद, साइकिल रेस, आदि का आयोजन किया जाये। इस सम्बन्ध में खेल विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशों के अनुसार कार्यवाही की जाये।
5. तीसरे प्रहर में एन.सी.सी. स्काउटों और गाइड आदि का सम्मिलित रूट मार्च कराया जाये।
6. अपराह्न में किसी खुले स्थान पर कोविड-19 से बचाव हेतु जारी दिशा- निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया जाये, जिसमें:-

   {1} लोगों को तिरंगे झण्डे एवं गणतंत्र दिवस के गौरवशाली इतिहास तथा उसके महत्व के बारे में बताया जाये।

   {2} वर्तमान में देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उत्तर प्रदेशवासी आजदी के अमृत महोत्सव के साथ-साथ चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव भी मना रहे हैं। यह विशिष्ट कालखण्ड हमें देश की आजादी से जुड़े महानायकों तथा वीरांगनाओं के ऐतिहासिक संघर्षों और उनसे जुड़ी यादों को संजोकर रखने का अवसर प्रदान करता है।

   {3} जनसाधारण को विषेष रूप से स्मरण कराने की चेष्टा की जाये कि हमारे अगणित देशभक्तों तथा अमर बलिदानियों ने जीवन भर संघर्ष कर जो स्वाधीनता हासिल की है, वह अमूल्य है और उसकी रक्षा का अग्रेतर दायित्व हमारे ऊपर और नई पीढ़ी पर है।

   {4} गणतंत्र की मूल अवधारणाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को प्रेरणा दी जाय कि देश व समाज का निर्माण प्रेम तथा सद्भावना से होता है, घृणा से नहीं, मेल-जोल से होता है, बैर-भाव से नहीं, एक दूसरे के धर्म का आदर करने से होता है, अनादर करने से नहीं।

   {5} इस समारोह में यदि किसी स्वाधीनता संग्राम सेनानी को बुलाया जाना सम्भव हो, तो उन्हें अवश्य आदरपूर्वक आमंत्रित किया जाये।

7. बढ़ते हुए प्रदूषण तथा बढ़ती जनसंख्या से हमारी विकास यात्रा प्रभावित हो रही है। सुखमय भविष्य के लिए स्वच्छ पर्यावरण तथा सीमित परिवार की आवश्यकता को रेखांकित किया जाये। जनसाधारण को यह समझाने का प्रयास किया जाये कि राजनैतिक स्वाधीनता के बाद हमें आर्थिक स्वाधीनता तथा सामाजिक बराबरी के लिए अनेक कदम उठाने हैं।

8. समारोह/कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले सभी व्यक्ति मास्क लगायें तथा इनकी थर्मल स्क्रीनिंग भी की जाये। इनके मध्य 02 गज़ की दूरी सुनिश्चित की जाये। कार्यक्रम स्थल पर

हैन्ड सेनेटाईजर की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि खांसी, जुक़ाम, बुखार जैसे लक्षणयुक्त व्यक्ति प्रतिभाग न करें।

अतः उक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से मनाया जाये।

Signed by दुर्गा शंकर मिश्र
Date: 17-01-2022 14:13:04
Reason: Approved

**(दुर्गा शंकर मिश्र)**
**मुख्य सचिव**

**संख्या-01 /2022/21(1)/उन्नीस-2-2022-1139/86 तद्दिनांकित**

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मा0 उप मुख्यमंत्रीगण/समस्त मा0 मंत्रीगण /मा0 राज्य मंत्रीगण (स्वतंत्र प्रभार)/ मा0 राज्य मंत्रीगण के निजी सचिवों को मंत्री महोदय के सूचनार्थ।
2. समस्त महापौर, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद एवं अध्यक्ष, नगर पंचायत।
3. समस्त अध्यक्ष, जिला पंचायत, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. समस्त मण्डलायुक्त/ विभागाध्यक्ष तथा कार्यालयों के प्रमुख अधिकारीगण।
7. समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण उ0प्र0।
8. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. समस्त नगर आयुक्त तथा नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारीगण।
10. राज्य सम्पत्ति अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
11. सचिवालय प्रशासन (विविध) अनुभाग-1/सामान्य प्रशासन विभाग।
12. गार्ड पत्रावली।

**आज्ञा से,**

**(डॉ नवनीत सहगल)**
**अपर मुख्य सचिव**